# मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 25.08.2025

**थाना लालगंज साइबर क्राइम टीम द्वारा ऑनलाइन ठगी की घटना से सम्पूर्ण धनराशि ₹ 32200/- को पीड़िता के खाते में कराया गया वापस-**

आवेदिका आंचल देवी पत्नी बसन्तलाल शर्मा निवासी ददरी थाना लालगंज जनपद मीरजापुर द्वारा दिनांकः 15.05.2025 को थाना लालगंज के NCRP पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर थाना लालगंज पर तत्काल मु0अ0सं0 281/25 धारा- 319(2) ,318(4),316(2) BNS व 67 आईटीएक्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया। आवेदिका द्वारा बताया गया कि उनके खाते से दिनांक 29.04.25 से दिनांक 13.05.25 तक के बीच में 32200 रुपये की ठगी साइबर ठगों द्वारा की गयी। उक्त के सम्बन्ध में थाना लालगंज की साइबर सेल टीम द्वारा जाँच प्रारम्भ की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन तथा क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना लालगंज की साईबर पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त जाँच के दौरान धनराशि को आवेदिका के बैंक खाते में कुल ₹ 32200/- रुपये वापस कराए गये। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदिका द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारी एवं साइबर क्राइम टीम थाना लालगंज पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। तथा आवेदिका को साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर सम्बन्धी होने वाली ठगी से जागरुक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बताई गई।

साइबर क्राइम टीम थाना लालगंज-

संजय कुमार सिंह थानाध्यक्ष थाना लालगंज, मीरजापुर।

क0 आ0 संतोष कुमार, म0का0 अंजली थाना लालगंज, मीरजापुर।


प्रभारी निरीक्षक कक्ष
क्या मेरी वर्दी ठीक है!
संजय कुमार सिंह
थानाध्यक्ष
REFUND
RS- 32200

*************